




नवभारत 10
भोपाल, रविवार, 16 नवंबर 2025


## एक नजर में

### खरसाली में काटकर रखी सोयाबीन जलकर राख

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम खरसाली में शनिवार दोपहर 2.34 बजे एक किसान द्वारा काटकर रखी गई सोयाबीन की फसल में आग लग जाने से फसल जलकर राख हो गई। बताया जाता है शनिवार दोपहर कुसुम बाई के खेत में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। आग ने खेत में काटकर रखी सोयाबीन की सूखी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों द्वारा मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया गया एवं आगजनी की सूचना नगरपालिका मुलताई को दी। सूचना मिलने पर नपा से फायर टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई गई। आग बुझाने में धनराज पवार और भूपेंद्र सिंह राठौड़ की भूमिका रही। आगजनी से करीब 6 एकड़ में लगी सोयाबीन की फसल जलकर राख हो गई।

### स्व. विजय खंडेलवाल को भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

**सारनी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल ने बैतूल जिले के विकास पुरुष, पूर्व सांसद स्व. विजय कुमार खंडेलवाल (बाबूजी) की 18 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, नपा उपाध्यक्ष जगदीश पवार, मंडल महामंत्री विनय मदने, नन्हे सिंह समेत मंडल कार्यकारिणी जिला पदाधिकारी पार्षदगण ने बाबूजी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत ने कहा कि बाबूजी ने अपने जीवनकाल में बैतूल जिले को नई पहचान दिलाई और विकास की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि स्व. बाबूजी भाजपा संगठन के प्रेरणास्रोत रहे, उनका जीवन जनसेवा और समर्पण का प्रतीक हमेशा रहा है। नगरपालिका उपाध्यक्ष जगदीश पावर ने कहा कि बाबूजी ने सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की सोच को पहुंचाने का कार्य किया। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा वृद्धाश्रम सारनी पहुँचकर वृद्धजनों को फल एवं गरम कम्बल वितरित किया गया।

### बिरसा मुंडा जयंती पर संगोष्ठी संपन्न

**बैतूल।** बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में मप्र जन अभियान परिषद घोड़ाडोंगरी द्वारा ग्राम कान्हावाड़ी में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के प्रमुख आदिवासी नेता नरेंद्र उइके, प्रसिद्ध वैद्य बाबूलाल भगत, गोटू उइके, रामशंकर गोहे मौजूद रहे। ब्लॉक समन्वयक ने संतोष राजपूत ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा भारत के आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम के सबसे प्रमुख नायकों में शामिल हैं। मुंडा जनजाति से आने वाले बिरसा ने कम उम्र में ही सामाजिक सुधार, धार्मिक जागृति और अंग्रेजी शासन के खिलाफ संघर्ष की दिशा तय कर दी। नरेंद्र उइके बताया कि बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज में व्याप्त कुरीतियों, नशाखोरी और अंधविश्वास का विरोध किया। समाज उन्हें श्रद्धापूर्वक धरती आबा के नाम से संबोधित करता है। अंग्रेजों द्वारा आदिवासियों की जमीन हड़पने और जमींदारी शोषण के खिलाफ उन्होंने उलगुलान (महान मुंडा विद्रोह) का नेतृत्व किया। उन्होंने ब्रिटिश प्रशासन को चुनौती दी और बड़ी संख्या में आदिवासी उनके नेतृत्व में संगठित हुए। अंग्रेज सरकार ने आंदोलन को दबाने के लिए कड़ा दमन किया और बिरसा को गिरफ्तार किया गया और रांची जेल में मात्र 25 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया।

# जनजातीय समाज का इतिहास गौरवशाली और समृद्ध : प्रभारी मंत्री

**बैतूल। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 15 नवंबर को पुलिस ग्राउंड में जनजातीय गौरव दिवस का मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने शिरकत की, वहीं विशेष अतिथि के रूप में खरगोन सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य मंगल सिंह धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, पूर्व सांसद श्रीमती ज्योति धुर्वे, जनपद अध्यक्ष आठनेर श्रीमती रोशनी इवने, पूर्व विधायक गीता धुर्वे, रामजीलाल उईके, सुधाकर पवार उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, एसडीएम अभिजीत सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य सहित अन्य विभागीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में जनजातीय समाज उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान जनजातीय गीतों पर मुख्य अतिथियों ने नृत्य भी किया।

**305 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन**

**प्रदर्शन का अतिथियों ने किया अवलोकन**

सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों ने जनजातीय महापुरुषों के छायाचित्र समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर जिला स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पूर्व जनजातीय गौरव दिवस पर महानायकों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन कर मुख्य अतिथियों ने जिले में 80 करोड़ से अधिक की राशि से विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 225 करोड़ से अधिक की लागत के कार्यों का लोकार्पण किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। इस दौरान जनजातीय महानायकों के संघर्ष और जनजातीय लोगों के उत्थान पर आधारित लघु फिल्म का अवलोकन भी किया गया। इस अवसर पर जनजातीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत कन्या क्रीड़ा परिसर सहित अन्य स्कूली विद्यार्थियों और जनजातीय कलाकारों ने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। तत्पश्चात राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी कार्यक्रम स्थल पर किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, जनजातीय कलाकारों, मेधावी विद्यार्थियों, विभिन्न क्षेत्र में हितलाभ वितरण कर सम्मानित किया। जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि जनजातीय समाज की नृत्य संस्कृति अद्भुत हैं। भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल, जमीन की रक्षा के चलाए गए महाअभियान का गुणगान राष्ट्रगीत वंदे मातरम में सुजलाम, सुफलाम और मलयज शीतलाम के गायन में याद करते हैं।



### जनजातीय बाहुल्य ग्रामों को किया लाभांवित

प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जनजातीय समाज के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं शुरू की गई है। बैतूल जिले के 554 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और आदि कर्मयोगी अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहां की धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 554 जनजाति बाहुल्य ग्रामों में 17 विभागों की 25 हितग्राही मूलक योजनाओं में शत प्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री ने बढ़ाया जनजातीय नायकों का गौरव : सांसद

सांसद खरगोन गजेन्द्र सिंह पटेल ने वीर जनजातीय नायक सरदार विष्णु सिंह गोंड, सरदार गंजन सिंह कोरकू, भगवान बिरसा मुंडा, भीमा नायक इत्यादि नायकों के जयकारों के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि मां ताप्ती के उद्गम स्थल, सरदार गंजन सिंह कोरकू, सरदार विष्णु सिंग गोंड की जन्म स्थली पर आकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय नायकों का गौरव को बढ़ाया है। राजा महाराणा प्रताप सिंह के समय भील समुदाय उनकी सेना में थे। जिन्होंने मुगलों के विरुद्ध संघर्ष और उनकी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लड़ाई में जनजाति वीर पूंजा भील ने भी अहम योगदान दिया। महाराणा प्रताप के काल प्रचलित सिक्कों में एक तरफ पूंजा भील की तस्वीर होती थीं, इस प्रकार का हमारा समृद्ध जनजातीय गौरव रहा हैं। इसी प्रकार भगवान बिरसा मुंडा जी ही थे जिन्होंने अंग्रेजों के अत्याचार और धर्मांतरण के खिलाफ सबसे पहले लड़ाई शुरू की।

# मेला में स्थानीय कलाकारों को महत्व दिए जाने की मांग

**सारनी। श्री श्री 1008 बाबा मठारदेव मेले मे स्थानीय कलाकारो को महत्व दिए जाने कि मांग जोर पकड़ रही है. कलाकार एकता मंच ने नपा सीएमओ को ज्ञापन दिया है।**

वही दूसरी तरफ कलाकारों का आरोप है कि विधायक के नाम बताकर कार्यक्रम हथिया लेते है जबकि विधायक को कार्यक्रम से कोई सरोकार नहीं रहता है। कलाकार एकता सेवा संगठन के अध्यक्ष प्रकाश कसरादे, सचिव मदन चौधरी ने बताया कि आगामी 12 जनवरी को बाबा मठारदेव मेले मे स्थानिक कलाकारों को महत्व देते चले आ रहे हैं, लेकिन इस बार स्थानिक कलाकारों को महत्व नहीं दिया जा रहा है जिसकी वजह से डेढ़ सौ से अधिक कलाकारों में आक्रोश का माहौल व्याप्त है। कलाकार एकता सेवा संगठन के भूपेंद्र बाडोनिया का कहना है कि उनके माध्यम से कलेक्टर को शिकायत करके स्थानिक कलाकारों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थान देने की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों की नजर अंदाज करने पर पालिका कार्यलय के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में मदन चौधरी, दिलीप बारस्कर, प्रकाश कसरादे, माला नागले, भूपेंद्र बडोनिया, मनोज कांमडे, अजय बांण, दिनेश वर्मा, सागर सोलंकी सहित अन्य कलाकार एकता सेवा संगठन के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे। नपा अध्यक्ष ने बताया कि परिषद में तय किए गए कार्यक्रम के अनुरूप मुंबई से चार बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मेले में स्थानीय कलाकारों को दो कार्यक्रम आयोजित करने का प्रपोजल तैयार किया गया है। जिसमे स्थानीय कलाकारों को महत्व दिया जाएगा।



# गिट्टी का अवैध परिवहन करते 3 वाहन जप्त

**बैतूल।** बैतूल कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खनिज विभाग द्वारा 14 नवंबर को खनिज अमले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन दौरा कर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। खनिज अमले द्वारा निरीक्षण के दौरान गौण खनिजों के अवैध परिवहन कर रहे वाहनों पर कार्यवाही करते हुए उन वाहनों को जप्त कर समीपस्थ पुलिस थानों की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। बैतूल क्षेत्रांतर्गत ग्राम बडोरा फोरलेन ब्रिज के समीप से खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 टाटा टिप्पर बिना नंबर को जप्त कर पुलिस थाना बैतूल बाजार की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। वहीं भैंसदेही क्षेत्रांतर्गत ग्राम बड़गांव से खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 02 डम्पर क्रमांक एमपी 48 एच 1156 एवं एमपी 28 एच 1815 को जप्त कर पुलिस थाना भैंसदेही की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। इस प्रकार कुल 03 वाहनों को जप्त कर समीपस्थ पुलिस थाना में खड़ा करवाया गया है। खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिए कार्यवाही लगातार जारी है। उपरोक्त सभी अवैध परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर प्रकरणों को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।



# उत्पन्ना एकादशी को व्रतों का आरंभ माना जाता है : पं .गोस्वामी

**बैतूल।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में शनिवार को तुलसी भवन में उत्पन्ना एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान का आयोजन किया गया। पंडित गिरी गोस्वामी ने संपूर्ण विधि विधान के साथ उत्पन्ना एकादशी का व्रत पूजन अनुष्ठान करते हुए बताया कि उत्पन्ना एकादशी का हिंदू धर्म में बहुत महत्वहै। यह पावन तिथि है जब स्वयं देवी एकादशी प्रकट हुई थी। उत्पन्ना एकादशी हर साल मार्ग शीर्ष महीने के कृष्ण पक्ष की एकादशी को मनाई जाती है। यह एकादशी बाकी सभी एकादशी के व्रत का आरंभ मानी जाती है। पंडित गिरी गोस्वामी ने बताया कि उत्पन्ना एकादशी भगवान विष्णु की रक्षा और धर्म की रक्षा के लिए उत्पन्न हुई दिव्य शक्ति है यह दिन उन लोगों के लिए आदर्श माना जाता है जो एकादशी व्रत चक्र शुरू करना चाहते हैं। क्योंकि यह नकारात्मकता और अज्ञानता पर पवित्रता और अनुशासन की विजय का प्रतीक है। पंडित गोस्वामी ने बताया कि पद्म पुराण में वर्णित है कि जब राक्षस मूर ने दिव्य लोक पर आक्रमण किया और भगवान विष्णु को मारने की कोशिश की तो श्री विष्णु के शरीर से एक शक्तिशाली स्त्री शक्ति प्रकटहुई। यह एकादशी देवी थी जिन्होंने मूर को परास्त किया और विष्णु ने उन्हें ग्यारहवें चंद्र दिवस की देवी होने का आशीर्वाद दिया।

# नपा में मनाई बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती

**पाथाखेड़ा।** आदिवासी जननायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद सारनी में शनिवार 15 नवंबर को गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नपाध्यक्ष किशोर बर्दे सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पूजन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान उनकी जीवन यात्रा और स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान को स्मरण किया गया। नगर पालिका परिसर में सुबह 10 बजे प्रारंभ हुए कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को बिरसा मुंडा की जीवनी पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई, जिसने सभी को प्रेरित किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण रखा गया, जिसे नागरिकों ने उत्साहपूर्वक देखा और सुना। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष किशोर बर्दे, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, गोलू राजपूत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम, सहायक लेखाधिकारी ब्रजेश नागर, उपयंत्री रविंद्र वराठे,, स्वच्छता निरीक्षक केके भावसार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



# ग्रामीण अंचलों के बच्चों को प्रोत्साहन जरूरी

**बैतूल।** शासकीय हाईस्कूल सेमझिरा में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शासकीय महाविद्यालय से सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ.मलखान सिंह चौहान द्वारा विद्यालय के ऐसे विद्यार्थियों को जिन्होंने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2025 में कक्षा 10 वीं में 19 विद्यार्थियों को जिन्होने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं उन्हें स्कूल बैग पारितोषिक के रूप मे भेंट किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो.चौहान, प्राचार्य नीलेश्वर कालभोर, पीटीए अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया, एसएमडीसी सदस्य लखनलाल पाठेकर, उपसरपंच मूल सिंह सिसोदिया, भूतपूर्व ग्राम पंचायत सरपंच कीर्तन सिंह राठौड द्वारा मां सरस्वती और पंडित जवाहर लाल नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनका यह योगदान अगले वर्ष भी रहेगा। इस मौके पर डॉ.चौहान ने बताया कि किस प्रकार वे इस क्षेत्र के ग्रामीण शासकीय विद्यालय से पढकर विषम परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए प्राध्यापक जैसे प्रतिष्ठित पद पर पहुंचे। उन्होने कहा कि ग्रामीण अंचलों के बच्चों को प्रोत्साहन जरूरी है।

# मेला स्थल विकसित करने बनाई कार्ययोजना

**मुलताई। जनपद पंचायत के सभाकक्ष में शुक्रवार की शाम शिवधाम सालबर्डी ट्रस्ट की बैठक आयोजित हुई।**

बैठक में विधायक चंद्रशेखर देशमुख, तहसीलदार प्रभात पट्टन, ट्रस्ट के सदस्य मुरारी अग्रवाल, राजेंद्र भार्गव, राजेश पाठक, भास्कर मगरदे सहित ट्रस्ट के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में विधायक श्री देशमुख ने बताया कि सालबर्डी मेला स्थल को विकसित करने कार्य योजना बनाकर शासन को प्रेषित की गई है।वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि ट्रस्ट में 65 सदस्य है सभी सदस्य 11सौ प्रति वर्ष ट्रस्ट में जमा करेंगे। बैठक में मेला स्थल को लेकर चर्चा की गई। मेला स्थल पर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर अतिक्रमण हटाकर मार्ग चौड़ीकरण किया जाएगा। विद्युत चोरी से बचने के लिए मंदिर के ऊपर एवं एक मीटर नीचे की ओर लगाए जाएंगे, मंदिर के शेड रास्ते में रेलिंग एवं इनवर्टर लगाने पर चर्चा की गई। वहीं सालबर्डी में माडू नदी पर स्थित गर्म पानी के कुंड की मरम्मत शीघ्र कार्रवाई जाने को का निर्णय लिया गया।



# बैडमिंटन प्रतियोगिता में जबलपुर बनी विजेता, सारनी को कांस्य पदक

**सारनी।** 47 वीं अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता मे जबलपुर टीम विजेता रही.फाइनल मैच जबलपुर एव खंडवा टीम के बीच खेला गया. जिसमे जबलपुर की टीम विजेता रही है. इस मोके पर सतपुड़ा पावर प्लांट के मुख्य अभियंता वी के केथवास ने खिलाडियों को संबोधित करतें हुए कहा कि सभी टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ खेल का परिचय दिया है. उन्होंने कहा कि बिजली उत्पादन करने के अलावा खेल के क्षेत्र में भी मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के कर्मचारी अधिकारी अपना लोहा मनवाने का काम करते हैं। अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रति स्पर्धा के संबंध में जानकारी देते हुए रमेश भोयर,सुनील तंगपन ने बताया कि श्रम कल्याण भवन में आयोजित अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में शुक्रवार को फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें जबलपुर केंद्रीय कार्यालय की टीम विजेता रही जबकि उपविजेता के पद पर खंडवा की टीम रही सारनी की टीम को कांस्य पदक प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि वेटरन,एकल एवं युगल मुकाबले में नरेंद्र मलगाए विजेता उपविजेता अरविंद कुमार रहे,ओपन एकल में प्रतीक कनकजे जबलपुर विजेता एवं उपविजेता इंदौर के लोकेश भूमरकर रहे। ओपन युगल मुकाबले में जबलपुर के के.विनायक राव एवं सहल बजाज विजेता तथा प्रतीक कनकजे एवं अतुल सिंह उपविजेता रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मुख्य अभियंता व्ही.के केथवास, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस एन सिंह, के.विनायक राव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी सारनी के समस्त अधिकारी कर्मचारी का योगदान रहा।



**प्रदर्शन** | मंत्री के आश्वासन के बाद खत्म हुआ आंदोलन

# जिला अस्पताल में आदिवासी महिला की मौत पर हंगामा

**बैतूल। जिला अस्पताल में कथित डॉक्टर की लापरवाही से आदिवासी महिला की मौत के बाद शनिवार को हालात तनावपूर्ण हो गए। घटना से आक्रोशित आदिवासी संगठनों के कार्यकर्ता चार घंटे तक अस्पताल परिसर के बाहर सड़क पर धरने पर बैठे रहे।**

**अस्पताल परिसर के सामने किया धरना प्रदर्शन**

**समय रहते ठोस कार्रवाही नहीं तो करेंगे बड़ा आंदोलन**

परिजन भी सात दिन की नवजात को गोद में लिए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के आने का इंतजार करते रहे। पोस्टमार्टम पूरा होने के बावजूद महिला का शव मरचुरी में ही रखा रहा। जानकारी के अनुसार, चोपना क्षेत्र के ईमलीखेड़ा निवासी 25 वर्षीय समोती पति अमन मोचम ने 7 नवंबर को जिला अस्पताल में एक बच्ची को जन्म दिया था। सामान्य प्रसव के बाद उन्हें 12 नवंबर को घर भेज दिया गया था। लेकिन शुक्रवार सुबह उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। शाम को परिजन उन्हें निजी वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान देर रात उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि गंभीर स्थिति के बावजूद समय पर उचित उपचार नहीं मिला। इसी दौरान प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल और वरिष्ठ अधिकारी जिले में भगवान बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम में व्यस्त थे, जिसके चलते पीड़ित परिवार से मिलने में देरी हुई। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद मंत्री ने परिजनों और संगठनों की बात सुनी व मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने का आश्वासन दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि इलाज के दौरान डॉक्टर वंदना धाकड़ ने एक कोरे कागज पर अंगूठा लगवाया था। मंत्री ने इस कागज को जांच में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। आदिवासी संगठनों ने डॉक्टर धाकड़ दंपत्ति पर अवैध वसूली और धमकाने की शिकायतें भी दर्ज कराईं। जिस पर मंत्री ने तत्काल कार्रवाई और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। संगठनों की यह मांग भी रही कि जांच पूरी होने तक डॉक्टर धाकड़ दंपत्ति को ड्यूटी से निलंबित किया जाए, ताकि जांच प्रभावित न हो। मंत्री ने अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आश्वासनों के बाद आदिवासी संगठनों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। मृतिका का शव अंतिम संस्कार के लिए गांव भेज दिया गया है। वहीं पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की बात भी कही गई है। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे फिर से बड़ा आंदोलन करेंगे। जिला अस्पताल के सामने सड़क पर प्रदर्शन के कारण लंबे जाम की स्थिति बन गई थी।



# रॉयल चैलेंजर ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

**मुलताई। नगर में बीते 10 नवम्बर से शुरू हुई तहसील स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में तहसील की आठ टीमों ने हिस्सा लिया।। ग्रामीण की चार और नगरीय क्षेत्र की 4 4 टीमों ने हिस्सेदारी की।**

सभी टीमों के आपस में मुकाबले हुए जिसमें सेमीफाइनल में ग्रामीण स्तर की 2 और नगरीय क्षेत्र की 2 टीम सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई, ग्रामीण से घाटबिरोली और चंदोरा की टीम सेमीफाइनल में पहुंची,वही नगरीय क्षेत्र से रॉयल चैलेंजर मुल्ताई और मुलताई क्लब मुलताई ने अपनी जगह बनाई ,सेमीफाइनल का पहला मुकाबला घाटबिरोली और रॉयल चैलेंजर मुलताई के बीच खेला जिसमें रॉयल चैलेंजर मुलताई विजेता बनी जिसमें रॉबिन सिंह परिहार ने 2ओवर में 4 रन देकर 3 विकेट हासिल किए और मैन ऑफ द मैच बने। वहीं दूसरा मुकाबला चंदोरा और मुलताई क्लब मुलताई के बीच खेला गया। जिसमें मुलताई क्लब मुलताई विजेता बनी इस मैच में मैन ऑफ द मैच जीशान चौहान रहे जिन्होंने 11बाल में 31रन और 2 ओवर में 18रन देकर 4 विकेट हासिल किए और अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया। फाइनल मुकाबला रॉयल चैलेंजर मुलताई और मुलताई क्लब मुलताई के बीच खेला गया। जिसमें रॉयल चैलेंजर मुलताई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 78,रन का लक्ष्य मुलताई क्लब मुल्ताई को दिया ,जिसमें योगीराज मरकाम ने रॉयल चैलेंजर मुलताई के लिए 10गेंदों में 20रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया,लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुलताई क्लब की टीम 10ओवरों में मात्र 54 रन बना पाई।इस प्रकार इस फाइनल मुकाबले को रॉयल चैलेंजर मुल्ताई की टीम ने 24रनों से जीत लिया और टूर्नामेंट की विजेता बनी ,टूर्नामेंट में बेस्ट बैट्समैन जीतू बोरीवार ,बेस्ट बॉलर राहुल बारंगे, मैन ऑफ द सीरीज जीशान चौहान ,बेस्ट फिल्डर विकास विश्वकर्मा , इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब 16 साल के बालक भूपेंद्र सिंह चौहान को दिया गया। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 15 हजार 555 निहाल चौहान अध्यक्ष मुस्लिम राजस्थानी समाज बरार के द्वारा दिया गया। वहीं द्वितीय पुरस्कार 7 हजार 777 रुपए मां ताप्ती क्रिकेट क्लब मुलताई के द्वारा दिया गया।